
## खास खबर : जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगी सेमीकंडक्टर कंपनी, पहले चरण में होगा 17 हजार करोड़ रुपए का निवेश

ग्रेटर नोएडा | 1 दिन पहले | Mayank Tawer

FacebackTwitterWhats



Google Image | Symbolic Image

Subscribe to updates

**Greater Noida News :** जेवर एयरपोर्ट (Jewar Airport) के पास काफी सारी कंपनियों ने निवेश करने के लिए अपनी रुचि दिखाई है। आज भारत का सबसे बड़ा हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में बन रहा है। अब इस एयरपोर्ट के पास चिप बनाने वाली सेमीकंडक्टर कंपनी ने 91 एकड़ जमीन मांगी है। इसके लिए यमुना विकास प्राधिकरण ने तलाश शुरू कर दी है।

### सेक्टर-28 में बनेगी कंपनी

यमुना प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार इलाके के सेक्टर-28 में कोलकाता की टार्क कंपनी को जमीन मिलेगी। जमीन की तलाश शुरू हो गई है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास यह दूसरी सबसे बड़ी कंपनी होगी, जो सबसे ज्यादा निवेश करेगी।

### 17 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा

रिपोर्ट के मुताबिक सेमीकंडक्टर चीप बनाने वाली कंपनी पहले चरण में 17 हजार करोड़ रुपए

का निवेश करेगी। कुल चार चरण में कंपनी बनकर तैयार होगी। सीधे तौर पर पहले चरण में इस कंपनी के बनने के बाद 2 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

**यूपी सरकार और कंपनी के बीच होगा एमओयू**

यह चीप मोटर वही कल के लिए बनाई जाएगी। बताया जा रहा है कि बहुत जल्द उत्तर प्रदेश सरकार को कंपनी के बीच एमओयू साइन होगा। इसके बनने के बाद काफी लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा रोजगार में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।